तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 18 डिग्री

हरिभूमि

कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 21 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 मंदिरों में कराया गया कन्या भोज, दुर्गा पंडालों में भी उमड़ी भीड़



खबर संक्षेप

धर्म और न्याय की विजय का प्रतीक

मनेन्द्रगढ़। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि विजयादशमी हमें स्मरण कराती है कि असत्य और अन्याय चाहे कितने भी शक्तिशाली क्यों न हों, अंततः विजय सत्य और धर्म की ही होती है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें मर्यादा, कर्तव्यनिष्ठा, त्याग और आदर्शों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि विजयादशमी के अवसर पर हमें केवल रावण के पुतले का दहन करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि अपने भीतर के अहंकार, क्रोध, लोभ, ईर्ष्या और नकारात्मक विचारों रूपी रावण का भी अंत करने का संकल्प लेना चाहिए। समाज में व्याप्त बुराइयों और कुरीतियों को दूर कर आपसी सद्भाव, सामाजिक समरसता और भाईचारे को मजबूत करना ही इस पर्व की वास्तविक सार्थकता है। रेणुका सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र भरतपुर-सोनहत सहित पूरे प्रदेश के नागरिकों से विजयादशमी का पर्व शांति, सौहार्द और उल्लास के साथ मनाने तथा सत्य, सदाचार एवं जनकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

रक्षित केंद्र में पुलिस स्मृति दिवस आज

बैकुण्ठपुर। कोरिया जिला मुख्यालय स्थित रक्षित केंद्र में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर देश के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर पुलिस कर्मियों से बलिदान को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जानकारी के अनुसार पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस अधीक्षक, अन्य पुलिस अधिकारी जवानों के साथ जनप्रतिनिधियों द्वारा शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस अवसर पर पुलिस कर्मियों द्वारा वीर जवानों को सम्मान भी दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के बेहद दुर्गम हॉट स्प्रिंग्स में भारतीय पुलिस जवानों का एक छोटा दल गश्त कर रहा था इसी दौरान अचानक चीनी सेना ने भारतीय सीमा पर घात लगाकर हमला कर दिया था। इस हमले में कई पुलिस जवान शहीद हो गए थे। शहीदों के सर्वोच्च बलिदान और समर्पण के सम्मान में प्रतिवर्ष 21 अक्टुबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है।

धान खरीदी शुरू होने से पूर्व ही सक्रिय हुए बिचौलिए

अंबिकापुर। धान खरीदी की प्रक्रिया अभी शुरू भी नहीं हुई है और बलरामपुर जिले में बाहरी धान खपाने वाले तस्कर सक्रिय भी हो गए है। बड़ी मात्रा में यूपी का धान जिले में लाकर बिचौलियों के माध्यम से खपाए जाने की योजना है इसके लिए अभी से ही दीगर राज्यों से धान का परिवहन कर भंडारण किया जा रहा है। इस बात का खुलासा जिला और पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई से हुआ है। एसडीएम के नेतृत्व में टीम ने धनवार चेक पोस्ट में जांच के दौरान तीन ट्रक अवैध धान पकड़ा है जबकि इसके पहले भी चार पिकअप अवैध धान पकड़ा गया था। जब्त किए गए धान को थाना के सुपुर्द किया गया है। बता दें कि खरीफ सीजन के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान बलरामपुर जिले में बड़े पैमाने पर तस्कर यूपी से धान लाकर बिचौलियों के माध्यम से जिले की समितियों में खपाने का काम करते है। प्रतिवर्ष धान खरीदी के सीजन में सैकड़ों क्विंटल धान जब्त किय जाता है लेकिन इसके बाद भी कई समितियों में तस्कर बिचौलियों के माध्यम से धान खपाने में कामियाब हो जाते है। धान खरीदी के दौरान अवैध धान खपाए जाने से रोकने के लिए बलरामपुर जिले में पहले से ही सख्ती शुरू कर दी जाती है ऐसे में तस्करों द्वारा भी अब नये नये हथकंडे अपनाए जा रहे है। तस्करों द्वारा अभी से ही धान को अलग अलग मार्गों से बलरामपुर जिले में लाया जा रहा है और कोचियों बिचौलियों के माध्यम से भंडारित कराया जा रहा है ताकि धान खरीदी शुरू होने पर वे उसे समितियों में खपा सके।

सिंदूर खेला के साथ दी गई माता रानी को विदाई

गाजे-बाजे के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन, देर रात तक चला सिलसिला







हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

आदिशक्ति मां दुर्गा की नौ दिनों तक विधि-विधान से आराधना के बाद दशमी तिथि को पूजा पंडालों में हवन-पूजन किया गया। इसके पश्चात दोपहर बाद शहर में स्थापित मां दुर्गा एवं अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए झांकियां निकाली गईं। गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के बीच निकली विसर्जन झांकियों में श्रद्धालु उत्साह के साथ शामिल हुए। डीजे की धुन पर थिरकते हुए श्रद्धालुओं ने माता रानी को विदाई दी। शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए विसर्जन झांकियां झुमका बांध तट स्थित विशाल विसर्जन कुंड पहुंचीं, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। उल्लेखनीय है कि बैकुंठपुर शहर में दर्जनों स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित कर नौ दिनों तक पूजा-अर्चना की जा रही थी। दशमी तिथि को सभी पूजा पंडालों में हवन-पूजन के बाद प्रतिमाओं को आकर्षक ढंग से सजे वाहनों में विराजित किया गया।

■ अंतिम दर्शन के लिए उमड़े

देर अपराह्न एक-एक कर विसर्जन झांकियां निकाली गईं। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती इन झांकियों को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। शहर के साथ आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में लोग माता रानी के अंतिम दर्शन करने पहुंचे। कई पूजा पंडालों में विदाई से पूर्व ⏭शेष पेज 2 पर

विभिन्न पूजा पंडालों से निकली झांकियां

देर अपराह्न से शुरू हुआ प्रतिमाओं के विसर्जन का क्रम शाम ढलने के साथ तेज हो गया। शहर के विभिन्न पूजा पंडालों से निकली झांकियां प्रमुख मार्गों से होते हुए झुमका बांध तट स्थित विसर्जन कुंड पहुंचीं। यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद एक-एक कर देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं की भागीदारी के बीच देर रात तक प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी रहा।

रामानुज मिनी स्टेडियम में धूं-धूं कर जला रावण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



विजयादशमी पर्व पर शहर के रामानुज मिनी स्टेडियम में बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक दशानन का दहन आतिशबाजी के साथ संपन्न किया गया। इस अवसर पर मिनी स्टेडियम लोगों से पूरी तरह से भरा रहा। दशानन का दहन कार्यक्रम को देखने के लिए शहर ही नहीं बल्कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बडी संख्या में लोग परिवार एवं दोस्तों के साथ पहुंचे थे।

जानकारी के अनुसार इस वर्ष जयनगर के कारीगरों द्वारा शारदीय नवरात्र प्रारम्भ होने के पूर्व ही दशानन एवं उनके भाईयों का पुतला तैयार करने का काम शुरू कर दिया था। इस वर्ष करीब 55 फीट उॅचे रावण एवं करीब 50 फीट कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुतले का निर्माण कार्य किया गया है। विजयादशमी के दिन सभी जगह के पूजा पण्डालों में विराजे गए देवी मूर्तियों का विसर्जन पश्चात रात्रि निर्धारित समय पर मुख्य अतिथि द्वारा रावण सहित उनके भाईयों के पुतले का दहन किया गया। कुछ ही मिनट में विशाल रावण व उसके भाईयों का पुतला धू धू कर जल गया। इसके पूर्व भव्य आतिशबाजी का नजारा लोगों को देखने को मिला। रावण का पुतला दहन होने के साथ ही मिनी स्टेडियम में उमडी भीड़ धीरे धीरे निकलना शुरू कर दी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बांधा शमां

मिनी स्टेडियम में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम के पूर्व कार्यक्रम स्थल पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसे देखने के लिए शहर सहित अंचल के लोग काफी संख्या में जुटे थे। रावण दहन के पूर्व रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने काफी देर तक शमॉ बांधे रखा। इसके पश्चात बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीण रावण सहित अन्य पुतले का दहन किया गया।

शस्त्रागार में हुई पूजा-अर्चना

विजयादशमी पर्व पर स्थानीय रक्षित केंद्र के शस्त्रागार में पुलिस अधीक्षक, रक्षित निरीक्षक एवं अन्य अधिकारी पुलिस कर्मियों की उपस्थिति में विधि विधान के साथ शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया। इसके पूर्व रक्षित केंद्र के शस्त्रागार के सभी शस्त्रों का साफ सफाई किया गया। इसके बाद शस्त्रों को सजाकर पारंपरिक रूप से मंत्रोपचार के साथ पुलिस अधीक्षक व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में शस्त्रों की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। देश में शस्त्र पूजा की परंपरा विजयादशमी पर परंपरा से होती चली आई है जिसका निर्वहन आज भी किया जाता है। इसी क्रम में प्रतिवर्ष रक्षित केंद्र में शस्त्र पूजन का आयोजन दशहरा पर्व पर होता है। इस वर्ष भी उत्साह के साथ शस्त्र पूजा संपन्न की गई इस अवसर पर पुलिस अधिकारी व जवान पूजा के दौरान उपस्थित रहे। शस्त्र पूजा शक्ति, साहस, सुरक्षा और अपने कर्त्तव्यों के प्रति निष्ठा का संदेश देता है।

ईएमआरएस जामथान में महानवमी पर कन्या भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

महा नवमी के पावन अवसर पर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय जामथान में कन्या भोज एवं सामूहिक सहभोज का आयोजन किया गया।

प्राचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल हुए। धार्मिक आस्था के साथ आपसी सद्भाव, समानता और सामूहिक सहभागिता का संदेश देने वाले इस आयोजन में बालिकाओं एवं विद्यार्थियों को पारंपरिक तरीके से ससम्मान भोजन कराया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पूड़ी, चने की सब्जी, दाल-चावल एवं फल परोसे गए। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों को जमीन पर एक साथ बैठाकर भोजन कराने की व्यवस्था की गई। इस दौरान शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी विद्यार्थियों के साथ आत्मीयता से सहभागिता निभाई। भोजन परोसने से लेकर विद्यार्थियों की सहायता करने तक सभी ने मिल-जुलकर अपनी जिम्मेदारी निभाई। इससे विद्यालय परिसर में पारिवारिक अपनत्व और सहयोग का वातावरण देखने को मिला। महा नवमी पर कन्या भोज का विशेष धार्मिक महत्व है।

इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को सामाजिक समरसता और मानवीय मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया गया। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान, समानता का भाव और दूसरों के प्रति सहयोग की भावना जीवन के महत्वपूर्ण मूल्य हैं। प्राचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच आत्मीय संबंधों को मजबूत करना तथा विद्यालय परिवार में एकजुटता की भावना विकसित करना रहा। सामूहिक सहभोज के दौरान सभी ने परस्पर सहयोग करते हुए भोजन ग्रहण किया। इस सहज सहभागिता ने यह संदेश दिया कि सामूहिकता और सद्भाव से ही एक बेहतर सामाजिक वातावरण का निर्माण संभव है।

एसईसीएल में फर्जी तरीके से अनुकंपा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

एसईसीएल में अनुकंपा नियुक्ति के लिए कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों और गलत पहचान का सहारा लेकर नौकरी हासिल करने के मामले में चरचा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी छोटेलाल प्रजापति को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

इस मामले में ग्राम पंचायत बिशनपुर जूनापारा निवासी प्रेमलाल प्रजापति ने अपने चाचा के बेटे छोटेलाल प्रजापति पर अपने पिता दशरथ प्रजापति के नाम का इस्तेमाल कर एसईसीएल में अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त करने का आरोप लगाया था। शिकायतकर्ता के अनुसार, मामले में शिकायत दिए जाने के कई महीनों बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने पर उसने पुलिस अधीक्षक से पुनः कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत बिशनपुर जूनापारा निवासी प्रेमलाल प्रजापति, पिता दशरथ प्रजापति ने 10 सितंबर 2025 को थाना चरचा में लिखित शिकायत प्रस्तुत की थी। शिकायत में उसने अपने



■ छह माह बाद आरोपी गिरफ्तार, चरचा पुलिस की कार्रवाई

चचेरे भाई छोटेलाल प्रजापति, पिता रामकिशुन पर गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। शिकायतकर्ता का आरोप था कि छोटेलाल प्रजापति ने अपने पिता के नाम के स्थान पर उसके पिता दशरथ प्रजापति का नाम एसईसीएल के रिकॉर्ड में दर्ज करवाकर कथित तौर पर फर्जी तरीके से अनुकंपा नियुक्ति हासिल की और नौकरी करता रहा। शिकायत में इस पूरे मामले की जांच कर वास्तविक तथ्यों का खुलासा करने तथा दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की गई थी। प्रेमलाल प्रजापति के अनुसार, थाना चरचा में शिकायत देने के बावजूद प्रारंभिक स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने कलेक्टर कोरिया के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। शिकायतकर्ता के मुताबिक, 5 फरवरी 2026 को एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर दर्ज होने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से शिकायतकर्ता ने मामले में पुलिस की कार्रवाई को लेकर पुनः अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया। उसका कहना था कि इतने गंभीर आरोपों से जुड़े मामले में शीघ्र कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि पूरे प्रकरण की सच्चाई सामने आ सके। मामले में कार्रवाई में देरी का आरोप लगाते हुए प्रेमलाल प्रजापति ने 9 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक कोरिया के समक्ष दोबारा आवेदन प्रस्तुत किया। उसने पूरे प्रकरण से अवगत कराते हुए आरोपी की गिरफ्तारी और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की मांग की। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के निर्देश पर थाना चरचा पुलिस ने मामले में कार्रवाई तेज की। थाना प्रभारी निरीक्षक कृपाल सिंह गौतम के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी छोटेलाल प्रजापति के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी छोटेलाल प्रजापति के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 419 एवं 420 व फर्जी दस्तावेज कि ⏭शेष पेज 2 पर



रामपुर दुर्गा पंडाल में महानवमी पर शस्त्र पूजा, महाआरती और महाहवन

श्री श्री दुर्गा पूजा समिति रामपुर द्वारा संचालित दुर्गा पंडाल में शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर महानवमी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य पूजन कार्यक्रम की शुरूआत शस्त्र पूजा से हुई। सनातन परंपरा में शस्त्र पूजा को शक्ति और विजय का प्रतीक माना जाता है। इसके पश्चात माता जगदंबे दुर्गा की भव्य महा आरती की गई। महानवमी के अवसर पर समिति द्वारा महा हवन का आयोजन भी किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन में आहुति देकर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की गई। इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक नरेश प्रसाद सपरिवार उपस्थित हुए। उन्होंने माँ दुर्गा के दरबार में मत्था टेक कर पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति के पंडाल में हुई अष्टमी और संधि पूजा



श्री श्री दुर्गा पूजा समिति एसईसीएल रामपुर द्वारा संचालित दुर्गा पंडाल रामपुर, बैकुंठपुर में शारदीय नवरात्र की अष्टमी पूजा बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव से संपन्न हुई। सुबह से ही पंडाल में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुरोहित द्वारा माता दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। अष्टमी पूजन के साथ-साथ आज दोपहर में अष्टमी और नवमी के संधि काल में विशेष संधि पूजा का भी आयोजन किया गया, जो नवरात्र का सबसे महत्वपूर्ण पूजन माना जाता है। संधि पूजा के दौरान माता को 108 दीप, 108 कमल के फूल, बेलपत्र और विशेष भोग अर्पित किया गया। पूरे पंडाल परिसर को गेंदे के फूलों और आकर्षक रोशनी से सजाया गया था। समिति के सदस्यों ने बताया कि अष्टमी के दिन मां महागौरी के स्वरूप की पूजा की जाती है। इस दिन कन्या पूजन का भी विशेष महत्व है।

युवक ने पत्नी को डंडे से पीट पीटकर उतारा मौत के घाट

अंबिकापुर। बलरामपुर जिले के राजपुर क्षेत्र में युवक ने चरित्र शंका पर पत्नी की डंडे से पिटाई कर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही जेल भेज दिया है और मामले की विवेचना चल रही है। बताया जा रहा है कि राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम कोटागहना उप सरपंच अनिल तिवारी ने16 अक्टूबर को पुलिस को शिकायत दी थी कि गांव के राम वृक्ष कोरवा ने पत्नी चिंतामणि कोरवा की हत्या कर दी है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पंचनामा व पीएम के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया था। इसके साथ ही पुलिस ने मृतिका के पति रामवृक्ष कोरवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

शराब के नशे में धुत मिले एएसआई और आरक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



अमुलजिम पेशी में आए दुर्ग जिले के सहायक उप निरीक्षक और आरक्षक के शराब के नशे में धुत होकर बेसुध पड़े रहने का मामला सामने आया है।

पुलिसकर्मी प्रतीक्षा बस स्टैंड शराब दुकान के पास नशे में जमीन पर पड़े मिले जबकि उसकी इंसास रायफल भी घंटों लावारिश पड़ी रही। अब इस मामले वीडियो वायरल होने के बाद दुर्ग एसएसपी ने दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि दुर्ग जिले में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक जीवन प्रकाश एक्का और आरक्षक ऋषिकांत त्रिपाठी 17 अक्टूबर को मुलजिम पेशी के लिए अंबिकापुर भेजा गया था। दोनों आरोपियों को सेंट्रल जेल में छोड़ने के बाद ड्यूटी से मुक्त होकर शराब पीने प्रतीक्षा बस स्टैंड चले गए। इस दौरान शासकीय शराब दुकान के समीप बैठकर दोनों ने जमकर शराब पी। शराब पीकर दोनों पुलिसकर्मी इस कदर नशे में धुत हुए कि वे बेहोश हो गये।

इस दौरान उनका इंसास रायफल भी लावारिश हालत में पड़ा रहा। इस घटना का वीडियो बनाकर लोगों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल ने पुलिस टीम को भेजकर इंसास रायफल को सुरक्षित कराने के साथ ही घटना की सूचना दुर्ग एसएसपी को दी। सूचना के बाद मामले में दुर्ग एसएसपी ने दोनों पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

कांग्रेस ने लगाया जमीन पर कब्जे की नीयत से ढहाने का आरोप

बिना अनुमति ढहा दिया गया सात दशक पुराना खादी भंडार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नेशनल हाईवे क्रमांक 43 से सटे 70 साल पुराने खादी भंडार को जेसीबी मशीन से ढहा दिया गया। बिना प्रशासनिक अनुमति के सात दशक पुराने भवन को तोड़े जाने का कांग्रेस ने विरोध दर्ज कराया है।

कांग्रेस ने शासन की बेशकीमती जमीन पर कब्जे की नीयत से ढहाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की है। विदित हो कि नगर के मध्य नेशनल हाईवे क्रमांक 43 से सटे 70 साल पुराने खादी भंडार के भवन को रविवार के दिन जेसीबी मशीन से ढहा दिया गया। शासकीय भूमि पर निर्मित इस भवन को ढहाने के लिए कोई प्रशासनिक अनुमति नहीं ली गई थी। बिना अनुमति के ही जेसीबी मशीन लगाकर उसे धराशायी कर दिया गया। रविवार



छुट्टी के दिन ढहाए गये इस शासकीय भवन को लेकर नगर में तरह तरह की चर्चाये व्याप्त है। लोगों का कहना है कि बिना प्रशासनिक अनुमति के इसे ढहा देना न्यायसंगत नही है। वहीं कांग्रेस ने खादी भंडार का दशकों पुराना भवन तोड़े जाने पर आपत्ति दर्ज कराई है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तिलक बेहरा ने बिना प्रशासनिक अनुमति के कब्जे की नीयत से खादी भंडार के भवन को ढहाये जाने का आरोप लगाया है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने एसडीएम को ज्ञापन प्रेषित कर जांच एवं कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में जांच करने गए नायाब तहसीलदार उमेश तिवारी ने बताया कि बिना अनुमति खादी भंडार को तोड़े जाने के संबंध में पंचनामा तैयार कर सीएमओ नगर पंचायत को इस मामले में नोटिस जारी करने कहा गया है।

उन्होंने बताया कि इस भवन के पीछे सामाजिक भवन मौजूद है जहां आने वाले दिनों में बड़ा कार्यक्रम होने वाला है। जिसे देखते हुए समाज के लोगों द्वारा दुर्घटना की आशंका के मद्देनजर जर्जर हो चुके खादी भवन को ढहाया गया है। इस मामले में उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है आगे की कार्रवाई उनसे मिलने वाले दिशानिर्देश के बाद किया जायेगा।

जंगली सुअर का शिकार करने हाईवोल्टेज तार की चपेट में आने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

जंगली सूअर का शिकार करने जंगल में बिछाए गए हाई वोल्टेज तार की चपेट में आकर 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। चिड़िया का शिकार करने जंगल गया युवक खुद शिकारियों का शिकार हो गया। इस घटना के बाद मृतक के घर मे मातम छा गया है। इस मामले में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे घरवालों को सौंप दिया है।

घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखंड मैनपाट के तराई गांव कुनकुरी खुर्द निवासी 28 वर्षीय सिंधु प्रकाश आ. साधराम रविवार की शाम चिड़िया का शिकार करने जंगल की ओर गया था। युवक चिड़िया का शिकार करने के बजाए खुद शिकारियों का शिकार हो गया। दरअसल जंगल मे जंगली सूअर का शिकार करने शिकारियों द्वारा हाई वोल्टेज तार बिछाया गया था। जिसकी चपेट में आने के बाद युवक बुरी तरह झुलस गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और रात को ही शव हॉस्पिटल भिजवा दिया।

अगले दिन मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद घरवालों को सौंप दिया गया। इस घटना के बाद मृतक के घर में मातम छा गया है परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जाँच शुरू कर दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने बताया कि ग्रामीण जिन पर संदेह व्यक्त कर रहे हैं वो फरार बताये जा रहे है। आरोपियों की तलाश जारी है।

खबर संक्षेप

नई बाइक में बैठने पर युवक को मारा चाकू

बिलासपुर। नई बाइक में बैठने पर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया है।



पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी विकास जांगड़े पिता धनेश जांगड़े 17 अक्टूबर की रात 8 बजे बस्ती में हरिओम किराना स्टोर के सामने सूरज रात्रे की नई बाइक पर जाकर बैठ गया। उसी बात को लेकर सूरज रात्रे ने उसके साथ गाली गलौज कर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसके चेहरे, सिर के पीछे, गर्दन, दोनों हाथ में चोट आई है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

शराब पीने से मना करने पर छात्र को पीटा

बिलासपुर। शराब पीने से मना करने पर छात्र के साथ पूर्व पार्षद के भांजे ने कांटा तार से जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, मुंगेली नाका सर्किट हाउस के पास रहने वाला अभिषेक अंथोनी पिता अमित जार्ज अंथोनी बीकाम की पढ़ाई कर रहा है। 18 अक्टूबर को वे अपनी मम्मी सरोज डेविड के घर डीपूपारा गए थे। रात 11 बजे डीपूपारा दुर्गा मंदिर के आगे बरगद पेड़ के पास खड़े थे। वहीं पर पूर्व पार्षद राजू साहू का भांजा शिव अपने साथियों के साथ बैठकर शराब पी रहा था।

रिटायर्ड एसईसीएल अधिकारी से ठगी

बिलासपुर। रिटायर्ड एसईसीएल अधिकारी का मोबाइल हैक कर 1 लाख 39 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि राजकिशोर नगर कल्याण बाग निवासी रिटायर्ड एसईसीएल अधिकारी भक्तिमय चौधरी 66 साल का मोबाइल हैक कर उनके बैंक खाते से 1 लाख 39 हजार रुपए क्रेडिट कार्ड में ट्रांसफर कर आनलाइन खरीदी कर ली गई है। मोबाइल में मैसेज आने पर उन्होंने बैंक जाकर जानकारी ली तो उन्हें आनलाइन ठगी के शिकार होने की जानकारी मिली। पुलिस ने श्री चौधरी की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

महिला के गले से सोने की चेन पार, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। दुर्गा पंडाल में आरती करते समय एक महिला के गले से सोने की चेन चोरी कर ली गई है। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुट गई है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, तेलीपारा आरके बूट हाउस गली निवासी स्वेता कश्यप पति दिलीप कश्यप 18 अक्टूबर की रात 8.30 बजे तेलीपारा शहीद चंद्रशेखर दुर्गा पंडाल में आरती में शामिल होने आई थीं।

पेज 1 का शेष

गाजे-बाजे के साथ ...

महिला श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रूप से सिंदूर खेला की रस्म निभाई। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा। मां दुर्गा को अंतिम विदाई देने और उनके दर्शन करने के लिए पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शहरवासी अपने घरों के बाहर और सड़कों पर खड़े होकर माता रानी की विसर्जन झांकियों का इंतजार करते रहे। वहीं, आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में शहर के प्रमुख मार्गों पर जुटे। श्रद्धालुओं ने हाथ जोड़कर माता रानी से सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

एसईसीएल में फर्जी ...

धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया, जहां से उसे जेल दाखिल किए जाने की जानकारी सामने आई है। यह मामला एसईसीएल में अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया, कर्मचारियों के सेवा अभिलेखों की जांच तथा दस्तावेजों की प्रमाणिकता को लेकर महत्वपूर्ण सवाल खड़े करता है। हालांकि, शिकायतकर्ता की ओर से लगाए गए आरोपों की अंतिम पुष्टि जांच और न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही होगी।

राज्य शासन स्तर पर स्वीकृति लंबित

उसलापुर ओवरब्रिज के बराबर से प्रस्तावित है एक और आरओबी का निर्माण

उसलापुर का दूसरा ओवरब्रिज रेलवे से स्वीकृत, लेकिन राज्य में अटका मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



उसलापुर ओवरब्रिज के ठीक बराबर से एक और रेल ओवरब्रिज का प्रस्ताव प्रदेश सरकार स्तर पर अंतिम स्वीकृति के लिए लंबित है। शासन द्वारा आरओबी निर्माण को बजट में तो शामिल कर लिया गया है, लेकिन फिलहाल स्वीकृति नहीं मिल सकी है। ज्ञात हो कि रेल्वे द्वारा अपने हिस्से के निर्माण लिए मानचित्र को मंजूरी दी जा चुकी है।

मंगला चौक से उसलापुर की ओर जाने वाली सड़क का प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर चौड़ीकरण किया गया है। जिससे इस मार्ग में आवागमन काफी सुलभ हो चुका है। परेशानी यह है कि सड़क के चौड़ीकरण के बाद उसलापुर ओवरब्रिज की चौड़ाई अब काफी कम लगने लगी है। हालत यह है कि यहां न केवल लगातार जाम की स्थिति निर्मित होती है, बल्कि आए दिन दुर्घनाएं भी हो रहीं हैं। इन सभी स्थितियों को ध्यान में रखते हुए लोक निर्माण विभाग के सेतु संभाग द्वारा उसलापुर ओवरब्रिज के ठीक बराबर से एक और ओवरब्रिज बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था।

सेतु संभाग के प्रस्ताव को प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष के बजट में तो शामिल कर लिया गया है, लेकिन इसकी प्रशासकीय स्वीकृति अब तक नहीं मिल सकी है। उसलापुर में प्रस्तावित एक और ओवरब्रिज की लंबाई 1609.415 मीटर व चौड़ाई तेरह मीटर की होगी। इसी तरह ओवर ब्रिज का निर्माण 161.30 करोड़ रूपए की संभावित लागत से किया जाएगा। प्रस्तावित ओवरब्रिज के निर्माण से पूर्व विभाग द्वारा विस्तृत सर्वे किया जा चुका है। ज्ञात हो कि ओवरब्रिज के निर्माण के दौरान पटरी के ठीक ऊपर वाले रेल्वे वाले हिस्से के निर्माण के लिए मानचित्र को रेल्वे प्रशासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। विभाग द्वारा अब राज्य शासन स्तर पर प्रशासकीय स्वीकृति मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

जल्द मिलेगी स्वीकृति

उसलापुर ओवरब्रिज के ठीक बराबर से एक और ओवरब्रिज का निर्माण प्रस्तावित है। शासन द्वारा इसे बजट में शामिल कर लिया गया है। प्रशासकीय स्वीकृति का इंतजार है। जल्द ही स्वीकृति मिलने की पूरी संभावना है।

-नितेश तिवारी, ईई पीडब्ल्यूडी सेतु संभाग

बिजली सप्लाई बंद कर दमकल के पानी से आग पर पाया गया काबू

5 ई बाइक में लगी आग, धुंआ भरने से अटल आवास में मचा हड़कंप



कपड़ा बांधकर छत से नीचे उतरते लोग।



शार्टसर्किट से इलेक्ट्रिक बाइक में लगी भीषण आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात सरकण्डा मुक्तिधाम अटल आवास में चार्जिंग के दौरान शार्टसर्किट से इलेक्ट्रिक बाइक में भीषण आग लग गई। उसकी चपेट में आकर पांच बाइक जलने लगीं। घरों में धुंआ भरने से लोग जागे, नीचे आग लगी देख भगदड़ मच गई। आनन फानन में लोग छत में जाकर कपड़ा बांधकर नीचे उतरे। बिजली सप्लाई बंद कर दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, सरकण्डा मुक्तिधाम के बगल में स्थित अटल आवास के लोग नीचे पार्किंग में अपनी अपनी बाइक खड़ी कर घरों में चले गए थे। एक इलेक्ट्रिक बाइक को चार्जिंग में लगाकर छोड़ दिया गया था। रात करीब 1 बजे लोगों के घरों में धुंआ भरा तो उनकी नींद खुल गई। घरों से बाहर निकलकर नीचे पार्किंग में आकर देखे तो पांच बाइक जल रही थी। जिससे अटल आवास में हड़कंप मच गया और लोग चीखने चिल्लाने लगे। आगजनी की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर सरकण्डा थाने की पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंच गई।

बिजली सप्लाई बंद कराई गई

पांच बाइक में आग लगने से पार्किंग स्थित भीषण आग की लपटों से घिर गया था। सूचना पर दमकलकर्मी दमकल लेकर मौके पर पहुंच गए। करंट की वजह पानी डालने में समस्या आ रही थी। आनन फानन में बिजली विभाग के कर्मचारियों को बुलाकर कालोनी की बिजली सप्लाई बंद कराकर दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है।

कपड़ा के सहारे नीचे उतरे लोग

पार्किंग में भीषण आग और घरों में धुंआ भरने से रहवासियों में कोहराम मच गया। आनन फानन में लोग छत पर चले गए और रस्सी बांधकर उसके सहारे नीचे उतरकर जान बचाने लगे। इस दौरान पुलिसकर्मी व आसपास के लोगों ने लोगों का बचाव कार्य किया है।

चार्जिंग के दौरान लगी आग

चार्जिंग के दौरान इलेक्ट्रिक बाइक में आग लगने से उसकी चपेट में आकर 5 बाइक जल गई है। घरों में धुंआ भरने से लोग कपड़ा के सहारे नीचे उतरने लगे। कोई हताहात नहीं हुआ है।

-प्रदीप आर्या
सरकण्डा टीआई

मुख्यमंत्री आवास योजना के 441 हितग्राही अपात्र घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जनपद पंचायतों से भेजी गई लिस्ट में से जिला पंचायत द्वारा पात्र-अपात्रों की सूची जारी की गई है। इस योजना तहत 749 आवासों की स्वीकृति होना है, जिसमें आधे से ज्यादा 441 ग्रामीण अपात्र पाए गए हैं।

मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना राज्य पोषित योजना है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2023 में हुई थी। मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत बिलासपुर जिले में कुल 5 हजार 464 आवासों का लक्ष्य रखा गया था। इसमें से वर्तमान में 749 आवासों की स्वीकृति होना बाकी है। इसके लिए जनपद पंचायतों से जो जानकारी भेजी गई है उसके अनुसार 749 में से आधे से ज्यादा



■ योजना तहत 749 आवासों की मिली स्वीकृति

441 हितग्राही अपात्र पाए गए हैं, जबकि आधे से भी कम 308 हितग्राही पात्र पाए गए हैं।

इसी तरह कुल 5 हजार 464 के लक्ष्य में से पूर्व में 4 हजार 715 आवास स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से 4 हजार 429 आवासों की पहली किश्त राशि जारी हो गई है। इसी तरह 296 हितग्राहियों के आवास स्वीकृत हुए थे, जिनमें से 61 अपात्र पाए गए हैं। इन हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि जारी नहीं हुई थी। इस तरह 296 और 749 मिलाकर कुल 1045 की सूची में से केवल 543 पात्र हैं जबकि 502 अपात्र पाए गए हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत अपात्र हितग्राहियों की सूची के बारे में दावा-आपत्ति 14 अक्टूबर तक संबंधित जनपद पंचायत कार्यालयों में करना था।

इस योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृति के लिए शेष तथा स्वीकृति के बाद प्रथम किश्त जारी करने के लिए शेष हितग्राहियों में से कुल 502 हितग्राहियों की अपात्र सूची जनपद पंचायतों से मिली है। इसमें बिल्हा के 81, कोटा के 66, मस्तूरी के 191 एवं तखतपुर के 164 हितग्राही शामिल हैं।

कलेक्टर और निगम आयुक्त को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहरी निर्धन आवास योजना के तहत वर्ष 2020 में आवंटित मकान का कब्जा छह साल बाद भी नहीं मिलने के मामले में हाईकोर्ट ने बिलासपुर कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू की एकलपीठ ने पूछा है कि हाईकोर्ट के पूर्व आदेश का पालन नहीं करने पर उनके खिलाफ न्यायालय की अवमानना की कार्रवाई क्यों न की जाए,मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

बिलासपुर के चांटीडीह किसान मोहल्ला निवासी देव कुमार निर्मलकर ने अधिवक्ता अब्दुल वहाब खान के माध्यम से अवमानना याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता के अनुसार उसे 15 अक्टूबर 2020 को लिंगियाडीह, वार्ड क्रमांक 52 में मकान नंबर एन-1 आवंटित किया गया था,



■ आवंटित मकान का कब्जा छह साल बाद भी नहीं मिला

लेकिन अब तक उसका कब्जा नहीं दिया गया। इसके लिए लंबे समय तक प्रयास करने के बाद उसने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका के अनुसार हाईकोर्ट ने 15 जून 2026 को आदेश जारी कर संबंधित अधिकारियों को आवंटित मकान की मरम्मत कराकर उसे रहने योग्य स्थिति में याचिकाकर्ता को कब्जा सौंपने के निर्देश दिए थे। इसके पालन के लिए याचिकाकर्ता ने 13 जुलाई 2026 को नगर निगम आयुक्त और 14 जुलाई 2026 को कलेक्टर के समक्ष आदेश की प्रति के साथ आवेदन प्रस्तुत किया। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए उसने अवमानना याचिका दायर की।

मामले में प्रारंभिक सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने 7 अक्टूबर 2026 को कलेक्टर और निगम आयुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने उनसे जवाब मांगा है कि आदेश के पालन में कथित चूक के लिए उनके विरुद्ध अवमानना की कार्रवाई क्यों न की जाए। प्रकरण को चार सप्ताह बाद सुनवाई के लिए नियत किया गया है।

हवाई सुविधा विस्तार आंदोलन की 7 वीं वर्षगांठ पर 26 को उलटा मार्च

बिलासपुर । हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के द्वारा बिलासपुर में हवाई सुविधा विस्तार के लिए चलाए जा रहे आंदोलन के साथ-साथ 26 अक्टूबर को पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर समिति ने निर्णय लिया है कि 4 सी एयरपोर्ट निर्माण में विलंब होने और कई उड़ानों के प्रारंभ होने के बाद बंद होने या उड़ानों के दिनों में कमी आने के विरोध में समिति उल्टा मार्च करेगी।

यह अनूठा आंदोलन यह दर्शाने का प्रतीकात्मक विरोध होगा कि देश में सभी जगह विकास और प्रगति में लोग आगे बढ़ रहे हैं, परंतु बिलासपुर विकास और प्रगति की दौड़ में पीछे छूटा जा रहा है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बताया कि 26 अक्टूबर सोमवार को सुबह 10 बजे समिति के सदस्य और सहयोगी संगठनों के सदस्य महा धरना स्थल पर एकत्रित होंगे। फिर एक सभा करने के बाद यहां से उल्टा मार्च करते हुए कलेक्टोरेट तक जाएंगे और वहां मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के

■ पीएम और सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

नाम पर ज्ञापन सौंपेंगे। समिति ने बताया कि बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार के संबंध में देरी का आलम यह है कि 3 साल तक सेना के कब्जे वाली जमीन का वापसी की स्थिति फुटबॉल की तरह केंद्र और राज्य सरकार के बीच बनी रही। जब एयरपोर्ट चालू हुआ था तब दिल्ली के लिए सातों दिन उड़ान थी आज केवल चार दिन प्रयागराज के लिए उड़ान थी जो केवल एक दिन रह गई है। जबलपुर उड़ान बंद हो चुकी है, भोपाल इंदौर उड़ान बंद हो चुकी है, जगदलपुर की उड़ान बंद हो चुकी है और हैदराबाद की उड़ान 3 साल से मंजूर होने के बाद भी चालू नहीं हुई। इन सब के कारण यह फैसला लिया गया है कि समिति उल्टा मार्च करेगी। समिति का महा धरना आज भी जारी रहा और आगमन के कम से बद्री यादव, ऋषिराज सिंह गौतम, अनिल गुलहरे, गोपी राव, संतोष पीपलवा, समीर अहमद, बबला, प्रकाश बहरानी, शिरीष कश्यप, मोहन जायसवाल, विभूति भूषण गौतम, मजहर खान, मनोज तिवारी, प्रेम दास मानिकपुरी, आशुतोष शर्मा, अभिषेक चौबे, महेश दुबे टाटा, अकील अली, मोहसिन अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

आईआरसीटीसी ने की क्यूसीआई के साथ साझेदारी

बिलासपुर। आईआरसीटीसी इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन लिमिटेड ने भारतीय गुणवत्ता परिषद क्यूसीआई के साथ रणनीतिक समझौता किया है। यह साझेदारी आईआरसीटीसी के प्रबंधित सभी मोबाइल ट्रेनों और स्टैटिक स्टेशन कैटरिंग इकाइयों में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए एक कठोर, तकनीक संचालित, स्वतंत्र थर्ड पार्टी आडिट तंत्र स्थापित करती है। गठबंधन के तहत क्यूसीआई प्रमाणित पेशेवरों को गहन, औचक त्रैमासिक और अर्ध वार्षिक निरीक्षण चक्र आयोजित करने के लिए तैनात करेगा। यह आडिट भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के वैधानिक नियमों और अंतरराष्ट्रीय पाक कला मानकों का सख्त अनुपालन लागू करेंगे।

जुआ खेलते मंगला के 10 जुआरी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने जोंकी में घेराबंदी कर जुआ खेलते मंगला के 10 जुआरियों को पकड़कर उनसे 16 हजार 300 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर थाने से छोड़ दिया है।

सकरी पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम जोंकी के खार में जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे है। पुलिस ने गांव में घेराबंदी कर दबिश देकर जुआ खेलते मंगला निवासी मुकेश केंवट पिता मेलउ केंवट 30 साल, सरोज कुमार डोम पिता मिठ्ठू डोम 30 साल, नितिन पटेल पिता सुरित लाल पटेल 24 साल, शशिकांत पटेल पिता स्व. रामस्नेही



पटेल 42 साल, जितेन्द्र कौशिक पिता भरतलाल कौशिक, आनंद पटेल पिता भैयालाल पटेल 42 साल, आकाश रजक पिता स्व. गनपत रजक 23 साल, श्रवण कुमार केंवट पिता बाबूलाल केंवट 39 साल, रामायण पटेल पिता रमेश पटेल 30 साल व सरजू पटेल पिता संग्राम पटेल बरेला जरहागांव निवासी को पकड़ लिया। उनके पास से 16 हजार 300 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर थाने से छोड़ दिया है।

संघ प्रमुख भागवत 22 व 23 को बिलासपुर में रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का 22 व 23 अक्टूबर को बिलासपुर में बड़ा कार्यक्रम आयोजित होगा, इसमें आरएसएस के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत शामिल होंगे। श्री भागवत यहां प्रांत क्षेत्र के संघ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे व बौद्धिक वर्ग को संबोधित करेंगे। आरएसएस प्रमुख के बिलासपुर दौरे को लेकर संघ स्तर तैयारी जोरों से चल रही है।

आरएसएस प्रमुख सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत का इसी माह छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में दौरा होने जा रहा है। वे बिलासपुर में 22 व 23 अक्टूबर को दो दिन रहेंगे और कोनी-बिरकोना मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित संघ के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। डॉ. मोहन भागवत 22 अक्टूबर को शिशु मंदिर परिसर में ही प्रबुद्ध कार्यकर्ताओं के बौद्धिक वर्ग को संबोधित करेंगे। इसके बाद 23 अक्टूबर को श्री भागवत प्रांत क्षेत्र की बैठक लेंगे। इसमें प्रांत प्रचारक, सह प्रांत प्रचारक, प्रांत कार्यवाहक, प्रांत संघचालक, क्षेत्र संघचालक आदि शामिल होंगे। संघ का यह एक बड़ा कार्यक्रम माना जा रहा है और संघ प्रमुख के आगमन के मद्देनजर आवश्यक तैयारी जोरों से चल रही है। संघ प्रमुख के छत्तीसगढ़ बिलासपुर दौरा को देखते हुए संघ के पदाधिकारी और प्रबुद्ध कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं।

युवा वर्ग को जोड़ने की तैयारी

माना जा रहा है कि संघ की शाखाओं में विस्तार का उद्देश्य है। आरएसएस का उद्देश्य सभी जिलों तक गतिविधियां और शाखाएं शुरू करना है। आरएसएस आने वाले समय में 40 वर्ष से कम उम्र के युवाओं को जोड़ने की रणनीति पर काम कर रहा है। इसी तरह आरएसएस के साथ अन्य आनुषांगिक संगठनों में इन्हें जोड़ने का लक्ष्य है। आरएसएस वर्ग की तरह कई गतिविधियों के जरिए लोगों को जोड़ा जाएगा। आरएसएस का फोकस घर-घर एवं हर वर्ग तक पहुंचने का है।

पिछले साल अगस्त में आए थे बिलासपुर

आरएसएस सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत पिछले साल भी बिलासपुर आए थे। श्री भागवत स्व. कांशीनाथ घोरे के स्मारिका विमोचन कार्यक्रम में शामिल होने शहर आए थे और उन्होंने 30 अगस्त 2025 को सिम्स आडिटोरियम में आयोजित स्मारिका विमोचन कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया था।

280 स्टेशन और प्रमुख परिसर में पेयजल की सघन जांच

बिलासपुर। नवरात्रि मेले के दौरान यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एसईसीआर के 280 स्टेशन और प्रमुख परिसर में पेयजल की सघन जांच व निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य निरीक्षक मौके पर पेयजल में अवशिष्ट क्लोरीन एवं कुल घुलित ठोस पदार्थों की जांच करने के साथ ही जीवाणु एवं रासायनिक परीक्षण के लिए पेयजल के नमूने भी संकलित कर रहे हैं। अभियान में नवरात्रि मेले के प्रमुख स्टेशन डोंगरगढ़ सहित विभिन्न स्टेशन पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, खाद्य संरक्षा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य निरीक्षक संबंधित विभाग के निरीक्षक के समन्वय से निर्धारित स्थल का निरीक्षण भी कर रहे हैं।



'दुनिया की ठांय-ठांय' का ट्रेलर रिलीज...

मुंबई। अभिनेता ऋषभ जैसवाल और अभिनेत्री दीपाली शर्मा स्टारर 'दुनिया की ठांय-ठांय' के मेकर्स ने ट्रेलर रिलीज कर दिया है। यह सीरीज प्यार, धोखे और सस्पेंस से भरपूर ट्विस्ट वाली एक इंटेंस ड्रामा है। ट्रेलर में ऋषभ जैसवाल और दीपाली शर्मा के बीच एक कड़ा और धमाकेदार आमना-सामना दिखाया गया है। कहानी में विकास कुमार (ऋषभ जैसवाल) एक बड़े सपने देखने वाले युवा शूटर से विक्की भैया बन जाता है। वह अपने प्यार वैष्णवी चतुर्वेदी (दीपाली शर्मा) को बचाने के लिए सब कुछ दांव पर लगा देता है, जो एक ताकतवर विधायक की बेटी है।

लाइफ Style

रश्मिका

साझा किया दिल छू लेना वाला नोट

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने हाल ही में पुट्टपर्थी के एक स्कूल का दौरा किया। इस स्कूल में अभिनेता विजय देवरकोंडा ने अपने स्कूल के कुछ वर्ष बिताए थे। उन्होंने इस अनुभव को शांतिपूर्ण, सुंदर और दिव्य बताया। इंस्टाग्राम पर रश्मिका ने अपनी इस यात्रा के बारे में एक दिल छू लेने वाला नोट साझा किया।

पिछले कुछ सालों में उन्होंने विजय के बचपन, स्कूली दिनों और दोस्तों के बारे में कई किस्से सुने थे लेकिन खुद उस जगह पर जाना अभी बाकी था। कई तस्वीरें साझा करते हुए रश्मिका ने लिखा, दोस्तों, मैं आप सभी के साथ अपना एक अनुभव साझा करना चाहती हूं। इतने वर्षों से मैंने विजय के बचपन, उनकी पढ़ाई और स्कूली दिनों के बारे में बहुत सी बातें सुनी हैं, उनके सभी दोस्त स्कूल के समय के हैं और उन्होंने पुट्टपर्थी में पढ़ाई की है। इसलिए मैं हमेशा उन्हें 'पर्थी बॉयज एंड गर्ल्स' कहकर बुलाती हूं और अब वे मेरे भी बहुत अच्छे दोस्त बन गए हैं। रश्मिका ने कहा, मुझे हमेशा लगता था कि जैसे कोई पहेली अधूरी रह गई हो, क्योंकि यह एक ऐसी जगह थी, जिसे मैंने कभी देखा नहीं था या जहां मैं कभी गई नहीं थी, लेकिन इसके बारे में बहुत कुछ सुना था। आखिरकार, मुझे पुट्टपर्थी जाने का एक बहुत ही सुंदर मौका मिला। मैंने वह स्कूल देखा, जहां उन्होंने पढ़ाई की थी, उनके क्लासरूम और हॉस्टल देखे। वहां मुझे कई प्यारे लोगों से मिलने का मौका मिला, जिनमें एचएम आंटी भी शामिल हैं, वो सच में बहुत ही प्यारी इंसान हैं! वहां जाकर मुझे जो शांति मिली, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।



हॉलीवुड मसाला



टेनिया ने कहा दुनिया को अलविदा

लॉस एंजेलिस। पूर्व ब्यूटी क्वीन टेनिया अब्राहम का किडनी से जुड़ी बीमारी के चलते 32 साल की उम्र में निधन हो गया। किडनी की बीमारी से लंबी और दर्दनाक जंग लड़ने के बाद मात्र 32 साल की कम उम्र में उनका निधन हो गया है। उनके परिवार ने इस दिल तोड़ देने वाली खबर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए उन्हें बहुत जल्दी दुनिया छोड़कर जाने वाला चमकता सितारा बताया और कहा कि उन्होंने अपनी गर्मजोशी से कई जिंदगियों को छुआ था। एक्ट्रेस के निधन के बाद उनका एक पुराना सोशल मीडिया पोस्ट इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है।



23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी 'क्लेफेस'

लॉस एंजेलिस। वार्नर ब्रदर्स पिक्चर्स के बैनर तले रिलीज होने वाली 'क्लेफेस' 23 अक्टूबर को भारतीय सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में रिलीज होगी। इस फिल्म की एक्ट्रेस नाओमी एकी ने फिल्म क्लेफेस के डायरेक्टर जेम्स वॉटकिंस की जमकर तारीफ की। नाओमी एकी ने कहा, जेम्स कलाकारों के सुझावों के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और सेट पर हंसी-मजाक का माहौल बनाए रखना भी जानते हैं। फिल्म बनाते समय कई बार खुद को यह याद दिलाना जरूरी होता है कि वे सिर्फ एक फिल्म बना रहे हैं। ऐसे में डायरेक्टर का सहज और शांत स्वभाव कलाकारों को काफी मदद करता है। उन्होंने कहा, इस काम में लोगों के साथ सहज महसूस करना बहुत जरूरी है, खासकर उस व्यक्ति के साथ, जिसके निर्देशों पर कलाकार काम करते हैं।



अनीत ने शोस्टॉपर बन बिखेरा जलवा...

मुंबई। 'सैयारा' फेम अभिनेत्री अनीत पड्डा ने लैक्मे फैशन वीक एफडीसीआई के ग्रैंड फिनाले में रैंप वॉक कर सबका ध्यान खींचा। फैशन शो में अनीत मशहूर डिजाइनर अमित अग्रवाल के प्रेट लेबल की शोस्टॉपर बनीं। उनके स्टाइलिश वायलेट आउटफिट ने फैशन शो में खास आकर्षण बटोरा। रैंप पर अनीत पड्डा का लुक काफी खास रहा। उन्होंने वायलेट रंग का आउटफिट पहना था, जिसमें पफ स्लीव्स, कमर पर खास कट और आरामदायक सिल्हूट देखने को मिला। आउटफिट की अनोखी बनावट और मॉडर्न टेलरिंग ने उनके लुक को अलग पहचान दी। अनीत ने पूरे आत्मविश्वास के साथ रैंप वॉक किया। इसके बाद वह ग्रैंड फिनाले के दौरान डिजाइनर अमित अग्रवाल के साथ स्टेज पर भी नजर आईं।



सनी ने बर्थडे पर फैंस को दिया तोहफा

मुंबई। अभिनेता सनी देओल अपना 69वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर एक्टर की आगामी फिल्म 'सूर्या' की पहली झलक मेकर्स ने रिलीज कर दी है। फिल्म 'सूर्या' के टीजर में सनी देओल फिर से एक बार आक्रामक अवतार में नजर आने वाले हैं। उन्होंने फिल्म में एक ऐसे व्यक्ति के किरदार को निभाया है, जो अतीत के घाव लिए घूम रहा है। वहीं उसका सामना मेडिकल प्रोफेशन से जुड़ी धांधली से होता है। इस सबके बाद सूर्या सच की खोज में निकल जाता है। उसके प्रयास से एक अवैध प्रणाली का पता चलता है, जिससे लोग लंबे समय से अंजान हैं। फिल्म को लेकर निर्देशक एम. पद्मकुमार ने कहा, 'सूर्या के लिए, हम सनी सर को एक ऐसे रूप में दिखाना चाहते थे, जैसा दर्शकों ने उन्हें पहले कभी नहीं देखा।

टीवी मसाला

डायबिटीज मेरी जिंदगी का हिस्सा : ऐश्वर्या

मुंबई। 'सास बिना ससुराल', 'मैं ना भूलूंगी', 'त्रिदेवियां' और 'रिश्ता डॉट कॉम' जैसे शो में नजर आ चुकीं टीवी एक्ट्रेस ऐश्वर्या सखुजा पिछले 10 साल से टाइप-1 डायबिटीज से जूझ रही है। इस बीमारी को लेकर उन्होंने बताया कि उन्हें शुरुआत में गलत बीमारी बताई गई थी। बाद में पता चला कि वह टाइप-1 डायबिटीज से जूझ रही हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर बताया कि पिछले 10 साल उनके लिए इंसुलिन लेने, अपनी बॉडी को समझने और लाइफस्टाइल में बदलाव करने का सफर रहा है। डायबिटीज को मैनेज करना कई बार थका देने वाला रहता है। ऐश्वर्या ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 10 साल पहले मेरी बीमारी का गलत पता लगाया गया था। जब तक मुझे समझ आया कि मेरी बॉडी के साथ क्या हो रहा है, तब तक मुझे अंदाजा भी नहीं था कि मेरी जिंदगी इस तरह बदलने वाली है और मुझे हर दिन इसके साथ तालमेल बिठाना पड़ेगा। आज टाइप-1 डायबिटीज के साथ जीते हुए मुझे 10 साल पूरे हो गए हैं। उन्होंने आगे लिखा, 10 साल से इंसुलिन ले रही हूं। 10 साल से अपनी बॉडी को समझ रही हूं। इस दौरान कई उतार-चढ़ाव आए, बहुत कुछ सीखा, कई बार निराशा हुई और धीरे-धीरे चीजों को समझना पड़ा। इन 10 सालों में मैंने अपना ख्याल रखने की कोशिश की है। उन दिनों में भी जब खुद की देखभाल करना किसी फुल-टाइम जॉब जैसा लगता है।



बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही ईशा

मुंबई। छोटे पर्दे पर अपनी पहचान बनाने के बाद अब एक्ट्रेस ईशा मालवीय बड़े पर्दे पर अपनी नई पारी शुरू करने जा रही हैं। फिल्म 'तुम मेरे हो' से बॉलीवुड में डेब्यू करने को लेकर ईशा काफी एक्साइटेड हैं। हालांकि, पहली फिल्म को लेकर उनके मन में घबराहट भी है लेकिन वह इस मौके को लेकर ज्यादा खुश हैं। एक्ट्रेस का कहना है कि एक आउटसाइडर होने के बावजूद उन्हें बड़े पर्दे पर काम करने का मौका मिला है, जो उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। ईशा मालवीय ने अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, पहली फिल्म होने की वजह से मैं नर्वस हूं और मुझे डर भी लग रहा है लेकिन मेरी खुशी नर्वस होने से कहीं ज्यादा है। एक आउटसाइडर के तौर पर बड़े पर्दे तक पहुंचना मेरे लिए बड़ी बात है। मैं इस मौके को लेकर काफी एक्साइटेड हूं और अपनी फिल्म को दर्शकों के सामने लाने का इंतजार कर रही हूं। ईशा ने कहा, मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूं। मुझे लगता है कि अब तक मैंने, जो मेहनत की है, जिंदगी में जिन मुश्किलों का सामना किया है और मुझे यहां तक पहुंचाने के लिए मेरे माता-पिता ने जो परेशानियां झेली हैं, उन सबका नतीजा अब सामने आ रहा है। मैं फिल्म 'तुम मेरे हो' से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हूं। इसके लिए मैं बहुत खुश हूं। ईशा ने कहा, मेरे लिए अभी भी इस बात पर यकीन करना आसान नहीं है कि मैं सच में बॉलीवुड फिल्म का हिस्सा बन गई हूं। मुझे कई बार ऐसा लगता है, जैसे मैं कोई सपना देख रही हूं। हालांकि, जब मैं फिल्म से जुड़े लोगों को अपने साथ देखती हूं, तो मुझे इस बात का एहसास होता है कि मेरा सपना अब हकीकत बन रहा है।



30 अक्टूबर को रिलीज होगी कॉमेडी फिल्म नखरेवाली'

मुंबई। फिल्ममेकर आनंद एल राय के प्रोडक्शन हाउस की आने वाली फिल्म 'नखरेवाली' की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। अंश दुग्गल और प्रगति श्रीवास्तव स्टारर यह फिल्म 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को एक अलग अंदाज की रोमांटिक कॉमेडी के तौर पर पेश किया जा रहा है, जिसमें प्यार, रिश्तों और लैंगिग समानता से जुड़े मुद्दों को अलग अंदाज में दिखाने की कोशिश की गई है। फिल्म के मेकर्स ने इसकी घोषणा के साथ एक दिलचस्प पोस्टर भी जारी किया है। पोस्टर पर लिखा है, कभी-कभी प्यार में मजनू को भी लैला बनना पड़ता है। यह लाइन फिल्म की कहानी में होने वाले बदलाव की झलक देती है। आमतौर पर रोमांटिक कहानियों में लड़के को प्यार के लिए कोशिश करते और लड़की को मनाते हुए दिखाया जाता है, लेकिन 'नखरेवाली' में रिश्तों के इसी पारंपरिक ढांचे को अलग नजरिए से पेश करने की कोशिश की गई है। फिल्म को 'वुमनटिक कॉमेडी' कहा जा रहा है। यह शब्द वुमन और रोमांटिक कॉमेडी को जोड़कर बनाया गया है।

20 नवंबर को रिलीज होगी 'सत्यवान सावित्री'

चेन्नई। डायरेक्टर प्रवीण एस. विजय की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'सत्यवान सावित्री' की नई रिलीज डेट सामने आ गई है। कीर्ति सुरेश की लीड रोल वाली इस फिल्म को अब दुनियाभर के सिनेमाघरों में 20 नवंबर को रिलीज किया जाएगा। इसकी जानकारी फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए दी। फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे बैनर ड्रमस्टिक्स प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, अब और खामोशी नहीं। सावित्री की लड़ाई शुरू होती है। मेकर्स ने बताया कि 'सत्यवान सावित्री' 20 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि फिल्म की रिलीज पहले 24 जुलाई को तय की गई थी, लेकिन बाद में मेकर्स ने रिलीज डेट टाल दी। फिल्म के मेकर्स ने इसी साल मई में इसका फर्स्ट और सेकंड लुक भी जारी किया था। फर्स्ट लुक पोस्टर में कीर्ति सुरेश पीछे मुड़कर देखती नजर आती थीं, जबकि उनके आसपास कई वकील आगे की तरफ देख रहे हैं। इस पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा था, शांत चेहरा, लेकिन रुकने वाली ताकत नहीं। अब खेल उसी का है। 'सत्यवान सावित्री' में कीर्ति सुरेश और मिश्किन के अलावा चारुकेश, बालासरवनन, मधुसूदनन, शिल्पा मंजूनाथ, आर. सुंदरराजन, माला पार्वती और ए. वेंकटेश जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



फेस्टिव सीजन में ओटीटी पर मनोरंजन का धमाल

मुंबई। फेस्टिव सीजन की शुरुआत हो गई है। खास तैयारियां चल रही हैं। सिनेमाघरों में नई-नई फिल्में रिलीज की कतार में हैं। फिलहाल तो 'जेलर 2' धमाका कर रही है। 'दृश्यम 3', 'नई नवेली' और 'प्रहार' समेत कई और फिल्में लगी हुई हैं। मगर, ओटीटी पर भी कंटेंट की भरमार है।

लव इन डिस्गाइज

अगर के-ड्रामा में दिलचस्पी है तो इस वीक आप इसे देख सकते हैं। यह एक रोमांटिक थ्रिलर ड्रामा है। इम सिवान, सियोल इन आह, किम जंग ह्यून और येनवू अभिनीत 'लव इन डिस्गाइज' 19 अक्टूबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

गजब रात

मनोज बाजपेयी और नुसरत भरूचा अभिनीत यह एक क्राइम थ्रिलर ड्रामा फिल्म है। फिल्म की कहानी एक पुलिस अधिकारी पर आधारित है। पहले इस फिल्म का टाइटल 'घूसघोर पंडत' था। इस पर काफी विवाद हुआ। इसके बाद नाम बदलकर 'गजब रात' किया गया। यह फिल्म 23 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म में साकिब सलीम, दिव्या दत्ता और कीकू शारदा जैसे सितारे भी हैं। फिल्म का निर्देशन रितेश शाह ने किया है।



चार यार

वेब सीरीज 'चार यार' भी इस वीक दस्तक देगी। जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है। यह दोस्तों पर आधारित है। इसमें गरीबी और क्राइम को साथ मिलाजुला कर दिखाया जाएगा। 'चार यार' में पूरव झा, नमन जैन, साकिब अयूब और प्रयाग मेहता अहम किरादारों में नजर आ रहे हैं। इनके अलावा साथ ही साईं तम्हाणकर, सिकंदर खेर, दिब्येंदु भट्टाचार्य, राजेश तैलंग, चंकी पांडे और भगवती पेरुमल भी अहम किरदार निभाते दिखाई देने वाले हैं। सीरीज 23 अक्टूबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

द लीजेंड ऑफ हनुमान सीजन 7

भगवान हनुमान पर आधारित सीरीज 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' का सातवां सीजन भी इस वीक दस्तक देगा। इस सीजन में लंका का युद्ध अपने सबसे निर्णायक और भयावह मोड़ पर पहुंचता है। वानर सेना निराश होती है। मगर, तभी बजरंगबली उस अस्त्र की तलाश में निकलते हैं, जो हमेशा के लिए रावण का अंत कर सकता है। यह सीरीज 23 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर दस्तक देगी।

'नोबडी वॉन्ट्स दिस सीजन 3' और 'लुपिन 4'

अगर आपको रोमांटिक कॉमेडी सीरीज में दिलचस्पी है तो इस वीक 'नोबडी वॉन्ट्स दिस' के तीसरे सीजन का भी विकल्प है। यह सीरीज 22 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसमें क्रिस्टन बेल और एडम ब्रॉडी अहम भूमिका में होंगे। इसके अलावा नेटफ्लिक्स की चर्चित सीरीज 'लुपिन' भी अपने चौथे सीजन के साथ वापसी कर रही है। लोकप्रिय फ्रेंच क्राइम-ड्रामा सीरीज है। 'लुपिन 4' 23 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

सूमो दीदी

यह स्पोर्ट्स बायोपिक है। 'सूमो दीदी', भारत की पहली प्रोफेशनल महिला सूमो पहलवान हेतल दवे की जिंदगी से प्रेरित है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दस्तक देगी। इसमें श्रियम भगनानी लीड रोल में हैं। वहीं, चैतन्य शर्मा, अनुभा फतेहपुरिया, नितेश पांडे, राघव धीर और मीनल कपूर भी अहम भूमिकाओं में हैं। जयंत रोहतगी ने निर्देशन की कमान संभाली है।

खबर संक्षेप

युवक ने पत्नी को डंडे से पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

अंबिकापुर। बलरामपुर जिले के राजपुर क्षेत्र में युवक ने चरित्र शंका पर पत्नी की डंडे से पिटाई कर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही जेल भेज दिया है और मामले की विवेचना चल रही है। बताया जा रहा है कि राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम कोटागहना उप सरपंच अनिल तिवारी ने16 अक्टूबर को पुलिस को शिकायत दी थी कि गांव के राम वृक्ष कोरवा ने पत्नी चिंतामणि कोरवा की हत्या कर दी है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पंचनामा व पीएम के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया था। इसके साथ ही पुलिस ने मृतिका के पति रामवृक्ष कोरवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि आरोपी अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका करता था। घटना दिवस को भी मृतिका मोबाइल फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति से बात कर रही थी और अपने वर्षीय पुत्र को अपने साथ लेकर जाने की जिद कर रही थी। ऐसे में आक्रोशित होकर आरोपी ने घर में रखे लकड़ी के डंडे से पत्नी की बेदम पिटाई कर दी। इस घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने कोटागहना निवासी 35 वर्षीय रामवृक्ष कोरवा उर्फ पिंटू आ. जागर कोरवा को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत 17 अक्टूबर को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा, घटना के समय पहने गए कपड़े को जब्त करने के साथ ही आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

रामकुमार और नोबेल कांग्रेस पर्यवेक्षक नियुक्त

रायगढ़। लोकतंत्र की बुनियाद पर चोट करने वाली कथित वोट चोरी और मतदाता सूची में अनियमितताओं के खिलाफ कांग्रेस अब सड़क से गांव की चौपाल तक निर्णायक लड़ाई लड़ेगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रव्यापी वोट बचाओ देश बचाओ अभियान को छत्तीसगढ़ में व्यापक जनआंदोलन का रूप देने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिला स्तर पर पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। इसी क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पूर्व महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष नाना पटोले के पर्यवेक्षण में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस द्वारा चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव को रायगढ़ शहर कांग्रेस व पूर्व विधायक नोबेल वर्मा को रायगढ़ ग्रामीण कांग्रेस पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी आदेश के तहत विधायक रामकुमार यादव एवं नोबेल वर्मा जिले में अभियान के सफल संचालनए संगठनात्मक समन्वय और निर्धारित कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करेंगे।

भूमिगत खदान के पास जमीन धंसी, ग्रामीणों में दहशत

बांकीमोंगरा। एसईसीएल की भूमिगत खदान क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भेजीनारा में जमीन धंसने की घटना सामने आई है। ग्रामीणों के अनुसार जमीन में बना गहरा गड्ढा 15 फीट से अधिक गहरा हो चुका है। इस घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों के मुताबिक जमीन धंसने से क्षेत्र में किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। गड्ढे की गहराई अधिक होने और आसपास झाड़ियां होने के कारण खतरा और बढ़ गया है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो किसी अप्रिय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं एसईसीएल प्रबंधन से मामले को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल का निरीक्षण कराने, जमीन धंसने के कारणों की जांच करने तथा सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम करने की मांग की है। अब देखना होगा कि एसईसीएल प्रबंधन और संबंधित प्रशासन इस मामले में कब तक संज्ञान लेकर ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाते हैं।

महानवमी पर विधि विधान से हवन पूजन के साथ नवरात्र का समापन

मंदिरों में कराया गया कन्या भोज, दुर्गा पंडालों में भी उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

देवी की उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्रि के अंतिम दिन महानवमी के अवसर पर देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के महामाया मंदिर समेत सभी शक्तिपीठों में भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना करने के साथ ही माता के दर्शन किए। वहीं दुर्गा पंडालों में विशेष पूजा अर्चना की गई जबकि जगह जगह कन्या भोज आयोजित किए गए जिसमें कन्याओं की पूजा करने के बाद उन्हें भोज कराया गया। भक्तों के मंदिरों में माता के दर्शन का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा।

शारदीय नवरात्र के अवसर पर सरगुजा संभाग सहित जिले का माहौल भक्तिमय हो गया है। शहर माता के जसगीतों से गुंजायमान है, मंदिरों व दुर्गा पंडालों में प्रतिदिन पूजा अर्चना के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे है। पंडालों में जगराता के साथ ही समितियों द्वारा डांडिया कार्यक्रम कराए जा रहे है व जगह जगह भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को सुबह अष्ठमी तिथि रही जबकि इसके बाद महानवमी की तिथि शुरू हुई। महा अष्टमी और महा नवमी के मौके पर मंदिरों में भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। शहर के मां महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, गौरी मंदिर, गायत्री मंदिर, वन देवी मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ पहुंचनी शुरू हो गई थी। हजारों की संख्या में भक्त महामाया मंदिर पहुंचे थे। महामाया मंदिर में लोगों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं की उमड़ती भीड़ को देखते हुए जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। माता के दर्शन का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा।





सरगुजा महाराज ने की संधि पूजा: शारदीय नवरात्रि के अवसर पर महा नवमी के दिन सरगुजा राजपरिवार के महाराजा टीएस सिंहदेव व उनके उत्तराधिकारी युवराज आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कुलदेवी मां महामाया मंदिर पहुंचकर संधि पूजा की। बता दें कि मां महामाया सरगुजा राज परिवार की कुलदेवी है ऐसे में महाराज श्री सिंहदेव ने मंदिर पहुंचकर माता का विशेष श्रृंगार करने के साथ ही आरती पूजा की। वहीं मंगलवार को सरगुजा राज परिवार द्वारा वर्षों से चली आ रही परम्परा के तहत अश्व, गज, नवग्रह, शस्त्र, नगाड़ा एवं द्वार पूजा की जाएगी। पूजा दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। महाराजा टीएस सिंहदेव व उनके उत्तराधिकारी युवराज आदित्येश्वर शरण सिंहदेव दोपहर 3.30 बजे से पैलेस स्थित कचहरी में बैठेंगे एवं आमजन से मिलेंगे। इसके स्थ ही दोपहर में साढ़े तीन बजे से रघुनाथ पैलेस आम जन के लिए खुलेगा।

हवन पूजन के साथ कन्या भोज

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर शहर के महामाया मंदिर के साथ ही गायत्री मंदिर, दुर्गा मंदिर समेत अन्य शक्तिपीठों में लोगों ने विधि विधान से हवन पूजन किया। हवन पूजन के बाद मंदिरों में कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसमें कन्याओं का आर्शीवाद लेने के साथ ही भोज कराया गया। महानवमी पर माता सिद्धिदात्री की विशेष पूजा अर्चना की गई। वहीं भक्त अपने उपवास का समापन मंगलवार को दसवीं तिथि लगने पर करेंगे। इसके साथ ही दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा। महानवमी पर भक्तों द्वारा जगह जगह भंडारे का भी आयोजन किया गया व शहर में घूमने व माता के दर्शन करने आए भक्तों ने माता के प्रसाद को ग्रहण किया। मंदिरों व पंडालों में भक्तों की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। बुधवार को सरगुजा सेवा समिति, नागरिक सेवा समिति व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा राम मंदिर से दोपहर में प्रारम्भ होगी और जयस्तंभ चौक, सदर रोड, देवीगंज रोड, घड़ी चौक, अम्बेडकर चौक होते हुए पीजी कॉलेज मैदान में समाप्त होगी। भगवान राम, लक्ष्मण व हनुमान के साथ निकली शोभायात्रा उपरान्त पीजी कॉलेज मैदान में विजयादशमी के मौके पर रावण दहन किया जाएगा। रावण दहन को लेकर समितियों द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई है। वहीं हिन्दू युवा एकता मंच द्वारा भी मंगलवार को विजयदशमी के अवसर पर विशाल शोभायात्रा की तैयारियां की गई है।

मां दुर्गा के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब, जयकारों से गूंज रहा जनकपुर

हरिभूमि न्यूज. जनकपुर

वनांचल की शांत वादियों से लेकर जनकपुर नगर पंचायत की गलियों तक इन दिनों मां जगदम्बे की भक्ति की अविरल धारा बह रही है। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मां दुर्गा के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा है। कहीं माता रानी की दिव्य और तेजस्वी प्रतिमा श्रद्धालुओं को भावविभोर कर रही है, तो कहीं रंग-बिरंगी विद्युत रोशनी से जगमगाते पूजा पंडाल आस्था और उल्लास की अनुपम छटा बिखेर रहे हैं।

मां के दर्शन की लालसा लिए सुबह से देर शाम तक श्रद्धालु दरबार पहुंच रहे हैं। कोई परिवार की सुख-समृद्धि की कामना कर रहा है, तो कोई जीवन में सुख, शांति और खुशहाली का आशीर्वाद मांग रहा है। नवरात्र के इस पावन पर्व ने जनकपुर के वातावरण को भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया है। जनकपुर के हृदय स्थल स्थित हनुमान मंदिर परिसर, तुर्रा मंदिर, फॉरेस्ट कॉलोनी और ठाकुर बाबा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इन पूजा स्थलों पर की गई आकर्षक साज-सज्जा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पंडालों की कलात्मक बनावट, रंग-बिरंगी विद्युत झालरें और मां के मनोहारी स्वरूप ने दुर्गोत्सव की रौनक बढ़ा दी है। प्रत्येक दरबार में पहुंचकर श्रद्धालु माता रानी के दर्शन कर रहे हैं और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाएं अर्पित कर रहे हैं। मां दुर्गा की प्रतिमाओं का दिव्य स्वरूप भक्तों को कुछ पल ठहरकर निहारने के लिए विवश कर देता है। सुसज्जित दरबार में विराजमान माता रानी की छवि श्रद्धालुओं के मन में श्रद्धा और विश्वास का भाव जगा रही है।



पूजा पंडालों में परिवार सहित पहुंच रहे लोग दर्शन-पूजन के साथ नवरात्र की खुशियां साझा कर रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर आयु वर्ग के लोगों में माता के प्रति गहरी आस्था दिखाई दे रही है। दिन ढलते ही जनकपुर के पूजा पंडालों की भव्यता और निखर उठती है। विद्युत झालरों की जगमगाहट, सुसज्जित पंडाल और माता रानी के दिव्य दर्शन का दृश्य श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रहा है। शाम के समय दर्शनार्थियों की आवाजाही से पूजा स्थलों पर उत्सवी माहौल दिखाई देता है। मां के जयकारों से गूंजता वातावरण भक्तों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करता है। नवरात्र केवल पूजा-अर्चना का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिक सहभागिता का भी अवसर है। अलग-अलग मोहल्लों और आसपास के वनांचल क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालु एक ही भाव से माता के चरणों में शीश नवाते हैं। आस्था का यह साझा स्वरूप जनकपुर की धार्मिक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को भी मजबूती प्रदान करता है। भारतीय संस्कृति में शारदीय नवरात्र शक्ति की उपासना का विशेष पर्व है। नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना कर श्रद्धालु शक्ति, साहस और सद्बुद्धि की कामना करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां दुर्गा की उपासना से जीवन में सकारात्मकता, आत्मविश्वास और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है।

जगह- जगह विराजी मां दुर्गा...



मौहार पारा मनेन्द्रगढ़ में विराजमान मां काली

10 लाख की लागत से स्थापित होगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा

स्थल निरीक्षण कर क्षत्रिय समाज को मंत्री ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल

क्षत्रिय समाज द्वारा डोमनहिल स्थित क्षत्रिय भवन में रविवार को शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। शस्त्र पुजा एवं मां काली के छायाचित्र का पूजन करने के बाद कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस दौरान क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने भवन निर्माण के लिए मुख्य अतिथि के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने आगे कहा कि चिरमिरी में बेरोजगारी बहुत है, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। वहीं, समाज के मंत्री ने भवन के लिए स्वीकृत 37 लाख रुपए और स्टेज के लिए 25 लाख रुपए की राशि के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हमारे विधायक प्रदेश में कैबिनेट मंत्री हैं। वे घंटों-घंटों में क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। कुछ घंटे पहले चिरमिरी में होते हैं, तो कुछ घंटे बाद रायपुर में होने की जानकारी मिलती है। शस्त्र पूजा कार्यक्रम में पहुंचे कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि आज क्षत्रिय समाज द्वारा शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर क्षत्रिय समाज से मनोनीत एल्डरमैन उपेंद्र सिंह को शॉल और श्रीफल पहनाकर सम्मानित किया गया।

मंत्री श्री जायसवाल ने आगे कहा कि यह मेरा विधानसभा क्षेत्र है, लेकिन जब मैं यहां लोगों से मिलता हूं, तो लगता है कि अपने परिवार के बीच में हूं। कुछ लोग पद पाने के लिए कुछ भी करते रहते हैं और मैं कुछ करने के लिए पद पर बैठा हूं। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को हमारी संस्कृति से भी गुरेज है। क्या हम अपनी संस्कृति को भूल जाएं यह बात उन्होंने गरबा महोत्सव के दौरान सोशल मीडिया पर की गई टीका-टिप्पणी के संदर्भ में कही। विधायक जायसवाल ने कहा कि क्या संस्कृति को सिर्फ इसलिए भूल जाएं कि इसमें खर्च हो रहा है शस्त्र पूजा भी समाज के लोगों को एक स्थान पर एकत्रित कर जोड़ने की परंपरा है। खर्च तो इसमें भी लगता है, तो क्या इसे बंद कर दिया जाना चाहिए मेरा जवाब है बिल्कुल नहीं। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय का धर्म छाते के रूप में लोगों को सुरक्षित करना है। क्षत्रिय भले ही कद में छोटा हो, लेकिन जब भी आवश्यकता पड़ती है, तो क्षत्रिय का विशाल रूप दिखाई देता है। इस दौरान मंत्री श्री जायसवाल ने क्षत्रिय समाज के प्रेरणादायक महापुरुषों महाराणा प्रताप सिंह, महाराणा सांगा और पृथ्वीराज चैहान को याद किया। मंत्री जायसवाल ने आगे कहा कि कलचुरियों ने 18-18 गढ़ों को मिलाकर छत्तीसगढ़ बनाया है। मैं आप लोगों के सम्मान के लिए 18-18 घंटे काम कर रहा हूं, ताकि आप प्रदेश के किसी भी जिले में जाएं, तो आपको सम्मान की नजर से देखा जाए। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने एक बीज लगाया, पानी डाला और उसे पेड़ बनाया है, जिसे अब पूरा छत्तीसगढ़ जानता है। इस दौरान चिरमिरी के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि अमृत जल मिशन के तहत घर-घर पानी पहुंचाने की योजना के लिए 185 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं, बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 56 करोड़ रुपये की लागत से डोमनहिल, पोड़ी, हल्दीबाड़ी, कोरिया और गोदरीपारा में पांच विद्युत सबस्टेशन बनाए जाएंगे। इससे क्षेत्र में बिजली की समस्या दूर होगी। उन्होंने रेलवे जैसी बड़ी परियोजना, जिला अस्पताल के कायाकल्प, 150 से अधिक स्टाफ की व्यवस्था, 1,000 लोगों की क्षमता वाले ऑडिटोरियम और नालंदा परिसर का उल्लेख करते हुए कहा कि ये सभी परियोजनाएँ चिरमिरी में स्थायित्व लाने के साथ रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव लाने वाली साबित होंगी। उन्होंने कहा कि आज पूरे चिरमिरी में सड़कों का काम चल रहा है।



क्षेत्र में 8 मीटर चैड़ी सड़कें बनाई जा रही

पूरे क्षेत्र में 8 मीटर चैड़ी सड़कें बनाई जा रही हैं। उन्होंने गंभीरता से कहा कि चिरमिरी को कैंसर जैसी बीमारी की तरह खड़ा किया गया है और कैंसर का इलाज दो इंजेक्शन से नहीं हो सकता। इसलिए मुझ पर भरोसा रखें। चिरमिरी में लगातार बदलाव हो रहा है, जो आपको भी दिखाई देगा। कार्यक्रम के अंत में क्षत्रिय समाज की मांग पर महाराणा प्रताप सिंह की प्रतिमा स्थापित कराने के लिए स्थल का निरीक्षण किया गया। मंत्री ने अगले शस्त्र पूजा कार्यक्रम तक प्रतिमा स्थापना का कार्य पूरा कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान क्षत्रिय समाज से मनोज सिंह, प्रमोद सिंह, राम लखन सिंह, बृजेश सिंह, उपेंद्र सिंह, राजू नायक, रमन सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में राजपूत समाज के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

विवेकानंद चौक से निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्रीराम मंदिर में होगी पूजा-अर्चना

विजयादशमी एवं दशहरा पर्व के पावन अवसर पर नगर पालिका शिवपुर-चरचा में धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिलेगा। भगवान श्रीराम के प्रति आस्था और श्रद्धा को समर्पित करते हुए सर्व हिंदू समाज के तत्वावधान में मंगलवार, 20 अक्टूबर को भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।

आयोजकों ने नगरवासियों सहित समस्त हिंदू समाज के लोगों से शोभायात्रा में शामिल होकर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मंगलवार सुबह 11 बजे भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा विवेकानंद चौक से प्रारंभ होगी।

शोभायात्रा सुभाष नगर चौक, महाराणा प्रताप कॉलोनी, नेपाल गेट, कृष्णा नगर चौक, वीटीसी कॉलोनी चौक, हनुमान मंदिर, राजीव गांधी चौक एवं बाजारपारा लाइन से होते हुए श्रीराम मंदिर पहुंचेगी। यहां भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना एवं आरती की जाएगी। इसके पश्चात शोभायात्रा वापस सुभाष नगर स्थित दुर्गा पंडाल पहुंचेगी, जहां कार्यक्रम का समापन होगा। शोभायात्रा के समापन के पश्चात सुभाष नगर स्थित दुर्गा पंडाल में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था को मजबूत करने के साथ-साथ समाज में एकता, सद्भाव और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना है।

सर्व हिंदू समाज की ओर से नगर के सभी श्रद्धालुओं, युवाओं, महिलाओं एवं गणमान्य नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा में शामिल हों और भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बनें। आयोजकों ने समाज के सभी वर्गों से इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है।

59 सीढ़ियां चढ़ते ही माल डोंगरी में होते हैं मां शारदा के दिव्य दर्शन

जनकपुर। वनांचल की वादियों में बसी माल डोंगरी की पहाड़ी, प्रकृति की गोद में विराजमान मां शारदा मइया का दिव्य दरबार और श्रद्धा से गूंजती रामचरितमानस की चौपाइए। यह दृश्य केवल एक मंदिर की कहानी नहीं, बल्कि अटूट आस्था, लोकविश्वास और पीढ़ियों से चली आ रही भक्ति परंपरा का जीवंत प्रमाण है। एमसीबी जिले के विकासखंड भरतपुर की ग्राम पंचायत सिंगरौली के आश्रित ग्राम अमराडंडी में स्थित माल डोंगरी पर मां शारदा मइया भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र बनी हुई हैं। गांव से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित इस मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को 59 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। जैसे-जैसे कदम पहाड़ी की ओर बढ़ते हैं, वैसे-वैसे मन में माता के दर्शन की उत्कंठा और गहरी होती जाती है।

चार महिलाओं की मौत के बाद फरार पिकअप चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के पटना थाना क्षेत्र के ग्राम करजी तालाब के पास 2 अक्टूबर को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में चार महिलाओं की मौत के मामले में कोरिया पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के आधार पर दुर्घटनाकारित वाहन और उसके चालक की पहचान कर ली है। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद फरार हुआ वाहन बोलेरो पिकअप क्रमांक जेएच 03 एयू 6791 है। इसके चालक की पहचान राजू कुमार गुप्ता, निवासी ग्राम एवं थाना रमकंडा, जिला गढ़वा, झारखंड के रूप में की गई है। पुलिस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते 2 अक्टूबर की शाम करीब 7:30 बजे ग्राम छिंदिया निवासी अमित सिंह अपने ऑटो में लगभग 14-15 महिलाओं को लेकर ग्राम बिलारो से तीज नहावन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद गृह ग्राम लौट रहे थे। इसी दौरान पटना थाना क्षेत्र के ग्राम करजी तालाब के पास बैकुण्ठपुर की ओर से आ रही एक बोलेरो पिकअप ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में ऑटो सवार महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल बैकुण्ठपुर पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान चंदमती सहित कुल चार महिलाओं की मौत हो गई, जबकि अन्य महिलाएं घायल हुईं। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा के मार्गदर्शन और कोरिया पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के निर्देशन में फरार वाहन एवं चालक की पतासाजी के लिए विशेष पुलिस और तकनीकी टीम गठित की गई। घटना रात के समय होने और मौके पर वाहन का स्पष्ट सुराग नहीं मिलने के कारण पुलिस ने आधुनिक तकनीक की मदद से जांच आगे बढ़ाई। पुलिस टीम ने घटनास्थल करजी तालाब से लेकर बैकुण्ठपुर शहर, मुख्य मार्गों, प्रमुख तिराहों, टोल नाकों और संभावित निकास मार्गों पर लगे 50 से अधिक शासकीय एवं निजी सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की।



